S - VI
HRM
DSE - III

# मानव संसाधन प्रबंधन के महत्व

# IMPORTANCE OF HRM (HUMAN RESOURCE MANAGEMENT)

Date
Page

मानव संसाधन प्रबंधन का अभिप्राय एक संगठन के लोगों के प्रबंध संबंधी दर्शन, नीतियों प्रक्रियाओं तथा कार्यान्वयन के अर्थ में किया जाता है मानव संसाधन प्रबंधन प्रबंध प्रक्रिया का एक भाग है जो किसी संगठन के अंतर्गत मानवीय संसाधनों के प्रबंध से संबंधित होता है यह लोगों के हार्दिक सहयोग द्वारा उनका उत्तम सहयोग प्राप्त करने का प्रयत्न करता है संक्षेप में यह किसी संगठन के लक्ष्यों को प्रभावशाली एवं कुशलता पूर्ण ढंग से प्राप्त करने हेतु सक्षम श्रम शक्ति को प्राप्त करने विकसित करने तथा अनुरक्षित करने की कला के रूप में परिभाषित किया जा सकता है इन्हीं शब्दों में मानव संसाधन प्रबंध कर्मचारियों तथा संगठन दोनों की प्रभावकारिता को उच्चतम बिन्दु तक ले जाने के उद्देश्य से अभिकल्पित एवं क्रियान्वित कार्यक्रमों, प्रक्रमों तथा क्रिया कलापों के एक समुच्चय से संबंधित होता है। इसे परिभाषित करते हुए S. Subba Rao ने बताया कि - मानव संसाधन प्रबंधन का तात्पर्य लोगों को सेवा नियोजित करना उनके संसाधनों को विकसित करना तथा उनकी सेवाओं का उपयोग अनुरक्षण एवं क्षतिपूर्ति कार्य एवं संगठनात्मक आवश्यकताओं के साथ तालमेल बैठाते हुए करना है।

Stephen P. Robbins के अनुसार - मानव संसाधन प्रबंधन एक प्रक्रिया है जो चार गतिविधियों से बनी है मानवीय संसाधनों की प्राप्ति, उनका विकास, उनका अभिप्रेरण तथा उनका अनुरक्षण।

एक संगठन एक अच्छे मानव संसाधन के बिना काम करने वाले पेशेवरों की एक अच्छी टीम का निर्माण नहीं कर सकता है। मानव संसाधन प्रबंधन के प्रमुख कार्यों में लोगों की भर्ती करने के साथ-साथ कार्य स्थल संस्कार कार्यस्थल सुरक्षा और बहुत कुछ शामिल है इन्हीं कार्यों के लाभकारी प्रभावों

की यहा चर्चा की जा रही है

1. भर्ती तथा प्रशिक्षण - Recruitment and training -
मानव संसाधन प्रबंधक सही तरह के लोगों को काम पर रखने के लिए योजनाओं एवं रणनीतियों को बनाते है वे मापदंड डिजाइन करते हैं जो एक विशिष्ट नौकरी विवरण के लिए सबसे उपयुक्त है भर्ती से संबंधित उनके अन्य कार्यों में एक कर्मचारी के दायित्व को तैयार करना और उसे सौंपे गए कार्यों का दायरा शामिल है। इन दोनो कारकों के आधार पर कम्पनी के साथ एक कर्मचारी का अनुभव तैयार किया जाता है जरूरत पड़ने पर वे संगठन की आवश्यकताओं के अनुसार कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी प्रदान करते है इसप्रकार कम्पनी के सदस्यों को अपने मौजुदा कौशल को तेज करने या विशेष कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है जो बदले में उन्हें (प्रबंधक) कुछ नयी भूमिका लेने में मदद करता है।

2. प्रदर्शन मुल्यांकन performance appraisals - HRM एक संगठन में कार्य करने वाले लोगो को उनकी क्षमताओं के अनुसार कार्य करने के लिए प्रोत्साहीत करता है और उन्हे झुकाव देता है जिससे कार्य कुशलता सुधारने में मौका मिलती है। संगठनात्मक टीम समय समय व्यक्तिगत रूप से कर्मचारियों के साथ संवाद करती है और उनके प्रदर्शन के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करती है और उनकी संबंधित भूमिकाओं को परिभाषित करती है यह काफी फायदेमंद है क्योंकि यह उन्हें बहुत स्पष्ट शब्दों में अपने प्रत्याशित लक्ष्यों की रूपरेखा बनाने में मदद करती है। प्रदर्शन मुल्यांकन जब नियमित रूप से किया जाता है तो इससे कर्मचारी प्रेरित होते रहते है।

3. कार्य वातावरण बनाये रखना - maintaining work atmosphere - यह HRM का काफी महत्वपूर्ण पहलू है क्योंकि संगठन के किसी भी व्यक्ति का प्रदर्शन काफी हद तक कार्य वातावरण या कार्य संस्कृति द्वारा संचालित होता है जो कार्य स्थल पर प्रबल होता है। एक अच्छी कामकाजी स्थिति का एक लाभ यह है जो कर्मचारी एक कुशल मानव संसाधन टीम से उम्मीद कर सकते हैं। एक सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण कर्मचारियों के खुशनुमा माहौल उत्पन्न करता है जिससे सदस्यों को संतुष्टि होती है।

4. विवादों का प्रबंधन - managing disputes - एक संगठन में कई ऐसे मुद्दे हैं जिनपर कर्मचारियों और नियोक्ताओं के साथ बीच विवाद उत्पन्न हो सकते हैं ऐसी स्थिति में यह मानव संसाधन विभाग है जो उन मुद्दों को एक प्रभावी तरीके से हल करने के लिए एक सलाहकार और मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है वे पहले कर्मचारियों के शिकायतों को सुनते हैं फिर वे उन्हें हल करने के लिए उपयुक्त समाधान के साथ आते हैं यानि वे समय पर कारवायी करते हैं और चीजों को बाहर जाने से रोकते हैं।

5. सार्वजनिक संबंध विकसित करना - Development public Relations - अच्छे सार्वजनिक संबंध स्थापित करने की जिम्मेवारी काफी हद तक HRM के पास है वे अन्य व्यवसायिक क्षेत्रों के साथ संबंध बनाने के लिए कम्पनी की ओर से व्यवसायिक बैठकों सेमिनारों और विभिन्न आधिकारिक समारोहों का आयोजन करते हैं। कभी-2 मानव संसाधन विभाग संगठन के लिए व्यवसाय और विपणन योजना तैयार करने में भी सक्रिय भूमिका निभाता है।

Scanned with CamScanner

HRm के लिए उचित सेट अप के बिना कोई भी संगठन अपनी नियमित गतिविधियों का प्रबंधन करते समय गंभीर समस्याओं से ग्रस्त है इस कारण से आज कम्पनी को एक मजबूत और प्रभावी HRM स्थापित करने मे बहुत प्रयास और उर्जा लगानी चाहिए।

//

07/05/2020

Scanned with CamScanner